हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025



# नोटिस के बाद सप्लायर ने सिर्फ 3 दिन के लिए की 13 टन एलम की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## तेजस कंपनी को दिया गया है फिल्टर प्लांट का ठेका, कंपनी की लापरवाही से अटकी थी सप्लाई

मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम खत्म होने के बाद मंगलवार को जलापूर्ति ठप हो गई। वहीं देर शाम एलम के पहुंचने पर आज सुबह शहर में जलापूर्ति हो पाई, लेकिन जितना एलम यहां भेजा गया है, वह पर्याप्त नहीं है और तीन दिन के भीतर और एलम की सप्लाई नहीं हुई तो एक बार फिर जल संयंत्र बंद हो जाएगा।

वाटर फिल्टर प्लांट में पानी को साफ करने फिटकरी का उपयोग किया जाता है, लेकिन एलम की कमी के चलते फिल्टर प्लांट में संकट दिखाई दे रहा है। मोहरा फिल्टर प्लांट में मंगलवार को एलम खत्म होने से दोनों फिल्टर प्लांट बंद हो गए थे। आनन-फानन में महज 13 टन एलम ही यहां भेजा गया है, जो पर्याप्त नहीं है। यह एलम 3 दिन के भीतरी खत्म हो जाएगा। मोहरा फिल्टर प्लांट में तीन शिफ्ट में कार्य चलता है और प्रति शिफ्ट में 8 घंटे के भीतर 56 से 60 नग एलम की सिल्ली डाली जाती है। बारिश में मटमैला पानी होने की वजह से प्रति घंटे सात एलम लगता है। वहीं सामान्य दिनों में लगभग 14-15 एलम ही लगते हैं। टन के हिसाब से देखा जाए तो बारिश में 8 घंटे की एक शिफ्ट में पानी साफ करने 1 टन एलम लग जाता है। वही तीनों शिफ्ट में लगभग साढे तीन से चार टन एलम लगता है। मोहारा फिल्टर प्लांट में बीते 19 जुलाई को 13 टन एलम आया था, जो 22 जुलाई की सुबह खत्म हो गया था। इसके बाद 24 घंटे चलने वाला वाटर फिल्टर का कार्य बंद करना पड़ा। जिसकी वजह से टंकियों में पानी सप्लाई नहीं हो पाई।

### फिर आएगी समस्या

मोहारा फिल्टर प्लांट में एक बार में लगभग 30-40 टन एलम की सप्लाई होती थी, लेकिन अब इसकी सप्लाई घटकर 13 टन पर अटक गई है। जिसकी वजह से एलम की पूर्ति नहीं हो पा रही है और फिल्टर प्लांट बंद करने की नौबत आ गई है। यहां दो दिन के भीतर अगर एलम की सप्लाई दोबारा नहीं हुई तो फिर से फिल्टर प्लांट बंद हो जाएगा।

### खास बातें

- एलम की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने से आई दिक्कतें
- निजी कंपनी के हाथों में जाने के बाद एलम कम डालने का आरोप



### स्टॉक नहीं होने से समस्या

मोहारा फिल्टर प्लांट में अमृत मिशन का कार्य देखने वाले तेजस कंपनी के इंचार्ज नितिन पाटिल ने कहा कि फैक्ट्री में स्टॉक नहीं होने से समस्या आई है। उन्होंने बताया कि रायपुर रसायन फैक्ट्री से प्रदेशभर में एलम की सप्लाई होती है। बारिश की वजह से शॉर्टेज बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑर्डर देकर रखे हैं, एक-दो दिन में और एलम पहुंच जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भजन-कीर्तन आज

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में 24 जुलाई को संध्या 4 बजे से हरेली सहेली महोत्सव दिवस एवं चातुर्मास पर्व पर अध्यात्मिक मानस दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी देते सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष योगदास साहू ने बताया कि इस अवसर पर श्रीमद्भागवताचार्य अंजू शर्मा द्वारा अपने मुखारविंद से सारगर्भित अध्यात्मिक मानस दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन-कीर्तन होगा।

### बैठक 29 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रगति के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य सभी सदस्यों को उपस्थित होने आग्रह किया गया है।

### शनि जन्मोत्सव आज

**डोंगरगढ़।** शनिदेव मंदिर महावीर पारा में कल 24 जुलाई को शनिदेव जन्म महोत्सव आयोजित किया गया है। इस मौके पर मनोकामन अखंड ज्योत प्रज्जवलन, शनि शांति पाठ, नवग्रह जाप, अभिषेक होगा। साढेसाती, अढैया शनि के निवारण हेतु यह कार्यक्रम आयोजित रखा गया है।आयोजकों ने भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

## माय एंगल




## रोड़, नाली को तत्काल ध्वस्त कर निर्माण सामग्री जब्त करने निर्देश

# 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक, अवैध प्लाटिंग पर सीधे एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन ने अवैध प्लाटिंग पर शिकंजा कसते पांच डिसमिल से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर आज से प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम सहित निकायों को सीधे पत्र लिखकर उनके क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते सीधे एफआईआर दर्ज कराने का आदेश भी जारी किया गया है। इस आदेश से जमीन कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव सहित प्रदेशभर में अवैध प्लाटिंग की लगातार शिकायतें सामने आने के बाद राज्य शासन ने अब शिकंजा कसने की तैयारी की है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को एक आदेश जारी कर पांच डिसमिल से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाया है। शासन ने अपने आदेश में साफतौर पर उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2025 के तहत 22 जुलाई से इसे लागू कर दिया गया है। विधेयक के माध्यम से छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 क्रमांक 20 सन 1959 की धारा 70 की उपधारा 1 के तहत कहा गया है कि किसी बात के होते हुए भी कृषि भूमि का ऐसा उपखडं नहीं बनाया जाएगा। जिसका क्षेत्रफल 0.05 एकड़ से कम होना पाया जाए। यह भी कहा गया है कि पंजीयन के लिए प्रस्तुत दस्तावेज के साथ संलग्न राजस्व अभिलेख से यदि यह स्पष्ट होता है कि किसी खसरे में से 0.005 एकड़ से कम का उपखंड कर विक्रय किया जा रहा है तो ऐसे दस्तावेज का पंजीयन नहीं किया जाएगा।



### कई इलाकों में बेखौफ प्लाटिंग

राज्य शासन के दो महत्वपूर्ण विभागों पर अवैध प्लाटिंग पर शिकंजा कसे जाने के बाद भी शहर में व्यापक पैमाने पर अवैध प्लाटिंग का कारोबार चल रहा है। नगर निगम के अफसरों का कहना है कि शहर में सर्वे कराकर अवैध प्लाटिंग पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माण-संरचना पर एक्शन

नगरीय प्रशासन द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि अवैध प्लाटिंग स्थल पर किए गए निर्माण व संरचना जैसे कि रोड़, नाली और अन्य निर्माण को तत्काल ध्वस्त कर निर्माण सामग्री को जब्त किया जाए। साथ ही जिम्मेदार के खिलाफ अब सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। भूमि को भूखंडों में विभाजित करने पर भी यह कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश से अवैध प्लाटिंग करने वाले कारोबारियों में खलबली मच गई है।

### संरक्षण देने वालों पर कसी नकेल

राज्य के नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने आदेश में अवैध प्लाटिंग को संरक्षण देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी सीधे कार्रवाई करने का आदेश दिया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि यदि अवैध प्लाटिंग में बिजली, पानी की सप्लाई संयोजन की अनुमति दी जाती है तो उनके खिलाफ भी छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 घ तथा 1961 की धारा 339 घ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण के खिलाफ निगम का एक्शन, हटाए अवैध कब्जे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए जिला, निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। टीम द्वारा दुकान का समान अंदर रखने, शेड हटाने समझाईस दी जा रही है। समझाईश उपरांत नहीं हटाने पर संयुक्त टीम हटाने की कार्रवाई कर रही है।

अतिक्रमण दस्ता आम्बेडकर चौक से ममता नगर अंडरब्रिज तक अभियान चलाकर ठेला व गुमटी हटाया गया तथा अतिरिक्त लगे शेड, सीढ़ी व चबूतरा जेसीबी से तोड़ा गया। शहर के बाजार एवं सघन क्षेत्रों को व्यवस्थित करने तथा सुगम आवगमन के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा तथा तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव अतिक्रमण दस्ता के साथ जाकर लोगों से सामान दुकान के अंदर रखने तथा अतिक्रमण हटाने समझाईश दे रहे हैं। आम्बेडर चौक से ममता नगर रोड में जाकर अतिक्रमण हटाने, सामान दुकान के अंदर रखने समझाईश दी गई थी। समझाईश उपरांत भी स्वयं से नहीं हटाने पर आम्बेडकर चौक से ममता नगर अंडरब्रिज तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाओ अभियान के पूर्व व्यापारियों की बैठक लेकर रूपरेखा तय की गई । समझाईश उपरांत गुडाखू लाइन, जूनीहटरी, महाकाल चौक, जयस्तंभ चौक एवं फ्लाई ओवर के नीचे अतिक्रमण हटाया गया और आज आम्बेडर चौक से ममता नगर अंडरब्रिज तक कार्रवाई की गई।

# कांग्रेस बनाएगी मंडल-सेक्टर कमेटी युवा व महिलाओं को 50% भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में तैयार किए गए प्लान को अब जमीन पर उतारा जा रहा है। जिसके तहत पहली बार कांग्रेस जिला, शहर और ब्लॉक कमेटियों के अलावा मंडल एवं सेक्टर कमेटी का गठन करने जा रही है। खास बात यह है कि इन कमेटियों में एसटी, एससी, ओबीसी एवं महिला वर्ग को 50 फीसदी हिस्सेदारी दी जाएगी। इसके अलावा 50 वर्ष से कम उम्र वाले नेताओं को प्राथमिकता से स्थान दिया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलों के लिए मंडल एवं सेक्टर कमेटी बनाने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। राजनांदगांव जिले के लिए जहां पूर्व मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया को प्रभारी बनाया गया है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले में महेश चंद्रवंशी और खैरागढ़-छुईखदान-चौकी जिले के लिए पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू को प्रभारी बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अब प्रदेश स्तर से ही ब्लॉकवार प्राभारियों की नियुक्ति भी की जाएगी, जो जिला प्रभारियों के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी कर मंडल एवं सेक्टर कमेटी के गठन की भूमिका निभाएंगे।

### हर कमेटी में रहेंगे 21 सदस्य



जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू से मिली जानकारी के अनुसार मंडल एवं सेक्टर समितियों में कुल 21 सदस्य चुने जाएंगे। जिनमें हर मंडल एवं सेक्टर का एक अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, महासचिव, तीन सचिव, तीन सह-सचिव, एक मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी सहित अन्य पद शामिल हैं।

### ब्लॉक के नीचे बनेंगे 3-4 मंडल

मिली जानकारी के अनुसार हर एक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नीचे तीन से चार मंडल बनाए जाएंगे। वहीं हर मंडल के नीचे 10 से 15 बूथ पर एक सेक्टर कमेटी का गठन किया जाएगा। जिला कांग्रेस ग्रामीण में 8 एवं शहर कांग्रेस में दो ब्लॉक हैं। ऐसे में जिले में करीबन 30 से 36 मंडल कमेटी का गठन किया जाएगा। हालांकि जिला कांग्रेस ग्रामीण द्वारा एक ब्लॉक कमेटी बढ़ाने की मांग प्रदेश संगठन से की गई है।

# हरेली आजः किसान करेंगे कृषि उपकरणों की पूजा, गांव-गांव में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार हरेली कल गुरुवार को सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को अंचल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान किसान जहां कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना कर बेहतर फसल एवं घर-परिवार के लिए मंगल कामना करेंगे। गांव-गांव एवं शहर में पर्व के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सावन माह लगते ही पर्वों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई है। इस माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन 24 जुलाई को हरेली पर्व पर अंचल में खुशिया बिरेंगी। पारंपरिक खेल के आयोजन सहित विविध सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम बना रहेगा। पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए किसानों ने व्यापक तैयारियां की है। कल सुबह से ही गांव-गांव में किसान कृषि औजारों की साफ-सफाई कर एवं कृषि उपयोगी मवेशियों के साथ ही गौवंश को नहला-धुला कर घर के आंगन में रंगोली सजाकर विधि-विधान से सपरिवार पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही खेत-खलिहान में विधि विधान से पूजा-अर्चना करेंगे एवं बेहतर फसल और घर-परिवार में खुशहाली की मंगल कामना करेंगे। ज्ञात हो प्रदेश में हरेली पर्व से ही त्योहारो का आगाज होना माना जाता है।


फाईल फोटो

### मौसम ने बढ़ाई चिंता

इधर जिले के कई इलाकों में सावन माह में भी बेहतर बारिश का इंतजार किया जा रहा है। लिहाजा कई किसान बेहतर बारिश और फसल की चिंता के बीच हरेली पर्व मनाएंगे। बहरहाल हरेली पर्व को मनाने के लिए लोगों ने बाजार से पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी की। इस मौके पर घर-घर में सुबह के समय नीम की पत्तियां लगाई जाएगी। मंदिरों में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की जाएगी। हरेली पर्व पर ग्रामीण इलाकों के साथ ही शहर से लगे ग्रामीण वार्डों में पर्व का नजारा देखते ही बनता है। हरेली पर्व के साथ ही अन्य पर्वों का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा।

### पारंपरिक खेलकूद का आयोजन

घर-घर में पारंपरिक पकवान बनाकर पूजा-अर्चना में अर्पित करने के पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस दौरान चित-परिचत एवं रिश्तेदारों को भोजन के लिए आमंत्रित भी किया जाएगा। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बच्चे एवं युवा बांस की बनी गेडी को आकर्षक रूप से सजाकर उसमें चढ़कर गांव व अपने क्षेत्र में भ्रमण कर पर्व का आनंद उठाएंगे। वहीं गांव-गांव में किसान इस दिन छुट्टी मनाकर मनोरंजन, पारंपरिक खेलकूद सहित विभिन्न आयोजनों में शामिल होकर पर्व का लुत्फ उठाएंगे।

## मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति ट्रस्ट चुनाव के बाद अध्यक्ष भी तय

# मनोज दोबारा बने अध्यक्ष, पिताम्बर कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति ट्रस्ट का चुनाव पूरा कर लिया गया है। मतदान के जरिये पंद्रह ट्रस्ट सदस्यों के चयन बाद बुधवार को नया अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष भी बना लिया गया है। संरक्षक श्रेणी में सर्वाधिक वोट हासिल कर जीतने वाले मनोज अग्रवाल दोबारा ट्रस्ट के अध्यक्ष बने हैं। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए पिताम्बर स्वामी को चुना गया है। दोनों ही पद का चयन निर्विरोध किया गया। वहीं ट्रस्ट के बाकी पदों के लिए आज बैठक कर चयन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले करीब 20 दिनों से डोंगरगढ़ में मंदिर समिति ट्रस्ट का चुनावी प्रक्रिया जारी थी। 20 जुलाई को मतदान के बाद 21 जुलाई को मतगणना प्रक्रिया की गई थी। लगभग ढाई हजार मतदाताओं ने मतदान कर नए सदस्यों को चुना है। जिसके बाद चुने गए 15 सदस्यों द्वारा ही नए अध्यक्ष का चयन करने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी की गई।निर्विरोध चयन होने के चलते मतदान की स्थिति निर्मित नहीं हुई। नए अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन होने के बाद सभी सदस्यों ने नीचे मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। अब ट्रस्ट के सदस्य आगामी दिनों में सचिव, सहसचिव के साथ उपाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर चयन के लिए एक बैठक फिर करेंगे।

### इन्होंने हासिल की जीत

**संरक्षक श्रेणी** में मनोज अग्रवाल 317, नितिन अग्रवाल 300, अनिल गट्टानी 285, योगेश अग्रवाल 261, महेंद्र भाई पटेल 254, हरीश भंडारी 243 एवं नारायण अग्रवाल ने 229 वोट पाकर जीत हासिल की है। इस श्रेणी में कुल 14 उम्मीदवार थे।
**आजीवन श्रेणी** में पितांबर स्वामी ने 521, महेंद्र परिहार 444, संजय श्रीवास्तव 542, प्रकाश बिंदल 494 और चंद्रप्रकाश मिश्रा ने 482 मत पाकर जीत हासिल की है। इस श्रेणी में कुल 11 उम्मीदवार थे।
**साधारण श्रेणी** में बबलू शांडिल्य 876, गौतम चोपड़ा 739, संजीव गोमास्ता ने 679 वोट पाकर जीत हासिल की है। इस श्रेणी में कुल 9 उम्मीदवार थे।

### यह काम रहेगा प्राथमिकता

नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि उनके इस कार्यकाल में कई काम प्राथमिकता से किए जाएंगे। जिनमें 1-12वीं तक सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल खोलना, हाईटेक कोचिंग एवं डिजीटल लाईब्रेरी, मंदिर अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार, नीचे मंदिर के समीप कॉरिडोर का निर्माण, सभी श्रेणी में सदस्यता, अतिथिगृह एवं मॉटेल को जोड़ा जाएगा। मॉटेल में मांगलिक कार्यों के आयोजन के लिए व्यवस्था की जाएगी।

जैन मोटर्स
खैरागढ़, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी
हमारी टीम से जुड़िए
सेल्समेन
- गंडई - 3
- खैरागढ़ - 3
- अंबागढ़ चौकी - 3
मैकेनिक / टेक्नीशियन
- मानपुर - 2
- अंबागढ़ चौकी - 2
कम्प्यूटर ऑपरेटर
- राजनांदगांव - 3
आवेदन के लिए तुरंत संपर्क करें



अधिकृत विक्रेता John Deere India Pvt. Ltd.
9977184777,8120006476
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई

## खबर संक्षेप

### काम में लेट लतीफी की शिकायत



**तुमड़ीबोड़।** जनपद सदस्य सरिता मदन साहू ने आलीखूँटा में जल जीवन मिशन के कार्यों की जाँच की मांग की है। एसडीएम को लिखे पत्र में उन्होंने कार्य में विलंब होने की बात कही है। श्रीमती साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत कोपेडीह के आश्रित ग्राम आलीखुटा में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी एवं पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है। यह कार्य बहुत विलंब हो रहा है।टंकी निर्माण कछुआ गति से चल रहा है। टंकी में प्लास्टर नहीं हुआ है।बोर खनन भी नहीं कराया गया है। वर्तमान में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। उन्होंने जाँच कर अधिकारी और ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

### विक्रांत ने किया पौधरोपण



**पटेवा।** उच्चतर माध्यमिक शाला मदराकुही परिसर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने जन्म दिवस के अवसर पौधरोपण किया। इस अवसर पर घम्मन साहू, दिनेश वर्मा, खेमराज जैन, सरपंच शकुन पटवा, प्राचार्य शिवलाल साहू, महेश साहू, बेदराम वर्मा, पुकराम सिन्हा, उत्तम सिन्हा, धनेश्वर सिन्हा, अजय पटवा, मनोज सिन्हा, धीरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### कावड़ियों का भव्य स्वागत



**खुज्जी।** साकरदाहरा से तपो भूमि जा रहे कावड़ यात्रियों का स्वागत भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने कलडबरी रोड पर किया। शिव भक्त कठिन पदयात्रा करते हुए पवित्र जल लेने आए थे। भाजपा नेता कैलाश शर्मा सहित अन्य ने पुष्प वर्षा कर कावड़ियों का स्वागत किया।इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि कावड़ियों की मेहनत और समर्पण का सभी को सम्मान करना चाहिए।यह कावड़ यात्रा समाजिक एकता और समरसता का प्रतीक है। इस मौके पर दीनू साहू, भागवत साहू, निर्मल सिन्हा, मूलचंद चौधरी, हेमलाल साहू, सूरजभान, बिसरू सिन्हा, मुन्ना देवांगन, द्वारिका साहू, हुर निर्मलकर, योगेश आदि उपस्थित थे।

### डीएलएड में हुमेश और होशिता प्रथम



**डोंगरगांव।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित डीएलएड की वार्षिक परीक्षा के परिणाम 27 जुलाई को घोषित किया गया। बुनियादी प्रशिक्षण संस्था में पांच अकादमिक सदस्य एवं अतिथि शिक्षक होने के बाद भी दोनो वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक हुमेश ने 862 तथा हेमलता ने 848 अंक के साथ क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका होशिता वर्मा 1703 अंक तथा पूर्णानंद 1703 अंक के साथ संस्था में प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। सभी सफल छात्राध्यापकों को प्राचार्य मुकुल केपी साव , सेवा निवृत्त आरकेएस ठाकुर, अकादमिक सदस्य शरद शुक्ला, एनआर लेंझारे, पोषण साहू, देवेशकुमार जैन, कविता दुबे और कार्यालयीन स्टॉफ लीलाधर देवांगन एवं प्रीति वैष्णव ने बधाई दी है।

### सम्मेलन में शामिल होंगे विष्णु लोधी



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी आगामी 25 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप सम्मेलन में शामिल होंगे। यह सम्मेलन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग ने आयोजित किया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। विष्णु लोधी की भागीदारी से ओबीसी समाज को राष्ट्रीय मंच पर अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा।

### कथा में श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**डोंगरगढ़।** छिरपानी प्रांगण में आयोजित पांच कुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन गुरुदेव भगवान ने श्रद्धालुओं को शिव के निराकार एवं साकार स्वरूप की महिमा से परिचित कराया। इस दौरान ब्रह्मा एवं विष्णु की श्रेष्ठता के अहंकार को शांत करने हेतु भगवान शिव के शिवलिंग रूप में प्रकट होने की कथा का वाचन किया गया। उन्होंने बताया कि अग्निरूप शिवलिंग न तो आदि में देखा गया, न अंत में। यह शिव की अनंतता और निराकारता का प्रतीक है। उन्होंने कहा शिव वह शक्ति हैं जो सृष्टि के गर्भ में हैं और महाप्रलय के मौन में भी है। कथा पंडाल में उपस्थित भक्त इस ज्ञानगंगा में भावविभोर होकर झूम उठे।

### निधन



**रामरूप साहू**

**टेडेसरा।** जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष रामरूप साहू का 20 जुलाई को यमुनोत्री यात्रा के दौरान हृदयघात होने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जुलाई को मुक्तिधाम में किया गया। सामाजिकजनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

---

एक ही समय में हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल का संचालन

# पीएम श्री स्कूल में शिक्षकों की कमी समय सारिणी को लेकर पालकों में रोष

## बच्चों को लाने ले जाने में बीत रहा पालकों का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुशरो हिंदी- अंग्रेजी माध्यम स्कूल की समय सारणी को लेकर पालकों में गहरा असंतोष है। स्कूल खुलने और बंद होने के समय में लगातार बदलाव से अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई पालक जिनके एक से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, उनका पूरा समय बच्चों को लाने-ले जाने में बीत रहा है और उनके अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार रैंमडवा निवासी विभु साहू और जुगल किशोर ताम्रकर के बच्चे दूसरी में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि बार-बार स्कूल समय में बदलाव से काफी दिक्कतें आ रही हैं। इसी तरह गंडई निवासी रवि कुर्रे, जिनके बच्चे छठवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ते हैं और ठंडार के अश्वनी जंघेल जिनका बच्चा सातवीं कक्षा में पढ़ता है, ने भी अपनी परेशानी साझा की है।




#### तालमेल बनाने बैठक हो

अभिभावकों ने सुझाव दिया कि साल में दो-चार बार पालकों की बैठकें होनी चाहिए, ताकि शिक्षकों और पालकों के बीच बेहतर तालमेल बन सके। उन्होंने स्कूल में पढ़ाई के स्तर पर भी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीएम श्री हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

#### प्राचार्य ने माना शिक्षकों की कमी

पीएमश्री हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल गंडई के प्राचार्य पवन ददरिया से संपर्क किया गया, तो उन्होंने पालकों की समस्याओं को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की कमी के कारण हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों के बीच सामंजस्य बैठाकर स्कूल का संचालन किया जा रहा है, जिससे पालकों को दिक्कतें हो रही हैं। प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की भर्ती होने के बाद जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

#### हिन्दी- अंग्रेजी का टाईम अलग हो

पालकों का कहना है कि हिंदी और अंग्रेजी माध्यम कक्षाओं का समय अलग-अलग होना चाहिए, ताकि उन्हें बार-बार बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने की जरूरत न पड़े। वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का समय आपस में मिल गया है। पालकों को छोटे बच्चों को सुबह लाना पड़ता है, और फिर बड़े बच्चों को 11.30 बजे लाना पड़ता है, जिसके बाद शाम को उन्हें ले जाने आना पड़ता है। यह व्यवस्था उनके लिए बेहद असुविधाजनक है।

---

## नर्मदा में पोषण-सुरक्षा पर प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सैनिकों के लिए भेजा रक्षा सूत्र

नर्मदा में परिपोषक पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, संवेदनशीलता और समग्र विकास पर गहन चर्चा हुई। यह प्रशिक्षण सुपरवाइजर ऋतु गुप्ता और खेमिन धुर्व द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। प्रशिक्षण में तीन अलग-अलग सेक्टरों से आरती, मोतिम, जयश्री, गौरी राजपूत, गायत्री मोहिनी, तामेश्वरी नेमा, भारती, पुष्पा, कालिंदी, राजकुमारी, पूनम और गौरी साहू सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विभिन्न पहलुओं को समझा। रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखकर पहल करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए राखियां भेजी।

---

## दोबारा जिला अध्यक्ष बने अरविंद

**अंबागढ़ चौकी।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई का शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में पुर्नगठन किया गया। अरविंद गोटे को दोबारा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वह निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह शिव कलामे निर्विरोध महासचिव बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अरविंद गोटे पिछले कार्यकाल में निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। वासड़ी निवासी श्री गोटे वर्तमान में व्याख्याता के पद पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हाटी में पदस्थ है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सेवानिवृत्त डीआईजी डीआर आचला, गोंडवाना समाज के संभागीय सचिव पूर्णानंद नेताम,




पर्यवेक्षक कमलेश ध्रुव, जिला प्रभारी लवणसिंह कंवर, चंद्रेश ठाकुर, लेखराम मात्रा, एमआर नायक, संतकुमार नेताम, डॉ. सोनउराम कोवाची, टीआर पिस्दा, भारत कोवाची, पीएल उइके, रोमसिंह मंडलोई, प्रहलाद ठाकुर, अंगद सलामे, मनहरणलाल कुंजाम, ज्ञानसिंह घावड़े, मन्ने सिंह मंडावी, सुजानसिंह नेताम,चेतन भंडारी, किशोर अनेन्द्र, प्रकाश नेताम, तोमन आचले, बोहरन सलामे, पवन ठाकुर आदि उपस्थित थे। शेष पदाधिकारियों का मनोनय आगामी बैठक में करने का निर्णय लिया गया है।

---



## शिविर में पशुओं का निःशुल्क उपचार

**डोंगरगढ़।** मड़ीयान के गौठान में पशु चिकित्सा मोबाइल यूनिट एवं पशु औषधालय के तत्वावधान में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने पशुओं के साथ शामिल हुए।शिविर में डॉ. विकास, नीतू सिंह, लारेश, पुष्पलता कांडे एवं रवि साहू ने सहयोग देते हुए पशुओं की जांच कर उपचार, टीकाकरण किया। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए पशु विभाग को धन्यवाद दिया है।

---

## किसानी समिति का गठन, डिलेश्वर वर्मा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

किसानी समिति को भंग कर नया गठन किया गया है। सर्व सम्मति से डिलेश्वर मेघू राम वर्मा को अध्यक्ष चुना गया।

मंगलवार को नगर पंचायत भवन में किसानों की बैठक आयोजित कर फ़सल एवं पशु सुरक्षा पर चर्चा की गईं। नगर पंचायत क्षेत्र में घुमन्तु पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। शाम होते ही पशु सड़कों पर ही बैठ जाते थे जिससे आवागमन अवरुद्ध होता है साथ ही अप्रिय घटना की आशंका रहती है।

इन बातों पर विचार कर किसानों ने किसानी समिति का गठन किया है। यह समिति घूमन्तु पशुओं को सुरक्षित करने का जिम्मा संभालेगी। ग्राम के गौठान में 131 घुमन्तु पशुओं को रखा गया है जिनकी देखभाल समिति करेगी।

समिति के संरक्षक हिरजूदास वर्मा, जयकुमार वर्मा, मानदास वर्मा, दीपक वर्मा, द्वारका वर्मा, कृष्णा निर्मलकर, दिलीप पटेल, दिलीपसिंह चंदेल, सदाबृज वर्मा, रामकुमार वर्मा, केशव सेन, अश्वनीसिंह को बनाया गया है। उपाध्यक्ष केशव जंघेल, शैलेन्द्र वर्मा, सचिव नूनकरण वर्मा, कोषाध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा और नवीन लुनिया को मनोनीत किया गया। समिति में 28 सक्रिय सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

---

## निजी विद्यालयों में अब तक नहीं पहुंची किताबें

■ बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नया शिक्षा सत्र शुरू हुए माह भर से अधिक का समय हो गया है पर अब तक अधिकांश निजी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंची है। किसी स्कूल को आधी पुस्तकें मिली है तो किसी विद्यालय को पुस्तक ही नहीं मिली है। पुस्तकों के नहीं मिलने से विद्यालय में अध्ययन शुरू नहीं हो पाया है।

जानकारी अनुसार सरकारी स्कूलों को निःशुल्क पुस्तक, गणवेश मिल गया है किन्तु निजी विद्यालयों में वितरण के लिए पुस्तक नहीं पहुंची है। पुस्तक नहीं मिलने के बाद बीते साल की बची पुस्तकों से छात्रों को पढ़ाया जा रहा है। कही पुस्तक के आभाव में व्याकरण एवं सामान्य एवं अनिवार्य जानकारी देकर खानापूर्ति किया जा रहा है। स्कूल खुलने के माह भर बाद भी निजी विद्यालय के छात्रों को पुस्तक नहीं मिलने से अध्यापन कार्य पटरी पर नहीं आ पाया है। निजी विद्यालय के संचालक पाठ्य पुस्तक के लिए विकासखंड एवं जिला कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं फिर भी पुस्तक का रोना बना हुआ है। स्कूलों में पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी इस समस्या से अवगत होकर भी चुप्पी साधे हुए हैं।

---

## हरेली त्यौहार की व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

■ गेड़ी स्पर्धा की तैयारी में जुटा युवा

क्षेत्र में हरेली त्यौहार की व्यापक तैयारी चल रही है।किसान नागार, गैंती, रापा, सब्बल आदि की सफाई कर रहे है। हरेली के दिन इन उपकरणों की पूजा अर्चना किया जाएगा। इस दिन गेड़ी प्रतियोगिता रखा गया है जिसके लिए काफी दिनों से युवा प्रेक्टिस कर रहे हैं। ग्राम के निखिल मंडावी, नितीन मंडावी, सुर्यकांत धुर्वे, हर्ष धुर्वे, कुणाल धुर्वे, विवेक मंडावी, ऋषभ गावड़े, मनीष विश्वकर्मा आदि गैडी की साज सज्जा कर रहे हैं। गैडी प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के लिए प्रतिभागियों ने खूब मेहनत किया है।

---

## प्रधानपाठकों की पदोन्नति 15 से पहले

### शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौपा।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, जिला सचिव जीवन वर्मा, कोषाध्यक्ष हंसकुमार मेश्राम, जिला महासचिव राजेश साहू, जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा, महेश ऊईके, ब्लॉक सचिव किसन देशमुख, दिनेश द्विवेदी, रेवती रमन वैष्णव आदि ने प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक के लगभग 50 रिक्त पदों पर पदोन्नति पर चर्चा की। श्री बघेल ने प्रक्रिया प्रारंभ होने एवं 15 अगस्त के पहले पदोन्नति करने काआश्वासन दिया। उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान ग्रीष्मावकाश की अतिरिक्त अर्जित अवकाश प्रदान करने के आदेश का बीईओद्वारा पालन नहीं करने, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत शिक्षकों का वेतन निर्धारण नही करने की बात रखा। श्री बघेल ने अविलंब कार्यवाही करने शाखा प्रभारी को निर्देशित किया।



---

पर्व को लेकर किसानों और ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल

# खेतों में छाई हरियाली, उल्लास से मनेगी हरेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सावन अमावस्या को हरेली पर्व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सावन के पहले पखवाड़े बाद खेतों में हरि चादर बिछ गई है। इस माह हुई मध्यम बारिश फसलों के लिए जीवन दायिनी साबित हुई है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने कहा कि वर्तमान धान, सोयाबीन सहित अन्य फसल बेहतर स्थिति में है। कृषक फसल बोआई के बाद हरेली उत्साह के साथ मनाने की तैयारी कर रहे हैं। पर्व में कृषि यंत्रों की पूजा की जाएगी। बच्चे खेलने के लिए गेड़ी तैयार कर रहे है।

जानकारी के अनुसार फसल बोआई के शुरूवाती दिनों में अल्प एवं खंड वर्षा होने के बाद भी फसलों की स्थिति अच्छी है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में नब्बे फीसदी बोआई हो चुकी है। अगले सप्ताह तक फसल बोआई पूर्ण हो जाएगी। मध्यम बारिश के बाद धान की रोपाई अंतिम चरण पर है। ब्यासी का काम भी शुरू हो गया है। खेतों में पर्याप्त नमी होने से खाद का छिड़काव किया जा रहा है। मौसम अनुकुल होने पर धान में कृषक खरपतवार नाशक तथा खाद का छिड़काव कर रहे हैं। कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि हल्की और मध्यम वर्षा को देखते हुए धान की फसल 21 से 25 दिन का समय होने पर संकरी पत्ती के खरपतवार के लिए बिस्पायरीबेक सोडियम 10 प्रतिशत एससी 100 से 120 एमएल प्रति एकड़ तथा चौडापत्ती खरपतवार के लिए मेटासल्फयूरान मिथाइल 10 प्रतिशत 8 से 10 ग्राम प्रति एकड छिड़काव कर सकते हैं।



#### फसल बीमा की गति स्लो

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल का बीमा कराने के लिए 31 जुलाई तक का समय निर्धारित है। अब तक क्षेत्र की सोसायटी में लगभग पचास फीसदी किसानों ने फसल का बीमा कराया है। मौसम के उतार चढ़ाव को ध्यान में रखकर कृषि विभाग एवं सोसायटी किसानों को फसल बीमा कराने प्रेरित कर रही है। कृषक सोसायटी, बैंक एवं आन लाईन माध्यम से फसल बीमा करा रहे हैं। वही दूसरी ओर राज्य सरकार के एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आइडी बनाने कहा जा रहा है। जानकारी अनुसार जिन किसान का फार्मर आइडी नहीं होगा वह न ही सरकार के योजना का लाभ ले पाएंगे और न समर्थन मूल्य पर धान बेच पाएंगे।

#### उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी

मजदूरी के अलावा खाद के दाम बढ़ने से फसलों का उत्पादन लागत बढने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र की सोसायटियों में डीएपी, यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है। सोसायटियों में मांग के अनुरूप यूरिया, डीएपी खाद की पूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे किसानों को मंहगे में दुकानों से खाद खरीदना पड़ रहा है। सोसायटी से पर्याप्त खाद नहीं मिलने से किसान डेढ से दोगुना दाम पर खाद खरीद रहे हैं।

---

### लक्ष्मी का भी प्रयास विद्यालय के लिए चयन



**छुईखदान।** पूर्व माध्यमिक शाला संड़ी से तीन छात्रों के बाद एक और छात्रा लक्ष्मी जंघेल पिता मनोज का प्रयास विद्यालय में अध्ययन के लिए चयन हुआ है। इस स्कूल के छह छात्रों ने प्रयास विद्यालय के लिए परीक्षा दिलाया था जिसमें से तीन ज्योति जंघेल, इन्द्रानी जंघेल तथा विकास कुमार धुर्वे का चयन हो चुका था। लक्ष्मी का नाम प्रतीक्षा सूची में था जिसका भी चयन हो गया है। गौरतलब हो कि विद्यालय के शिक्षक उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल तथा प्यारेलाल साहू परीक्षा की तैयारी कराते है। वह मूल पढ़ाई के साथ प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा की भी तैयारी कराते हैं जिसके परिणाम स्वरूप चार छात्रों का चयन हुआ है। बीईओ रमेन्द्र डड़सेना ने संड़ी स्कूल से प्रयास विद्यालय के लिए चयनित चारों छात्रों को बधाई देते हुए इसे सरकारी स्कूल के लिए गौरव की बात बताया है। चयनित छात्रों को जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमारसिंह भेडिया, सरपंच कैलाश वर्मा, बिशेसर वर्मा, शिक्षक उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल, प्यारेलाल साहू, प्रेम देवांगन आदि ने बधाई दी है।

## सार समाचार

### विस अध्यक्ष रमन ने किया पौधरोपण



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 21 जुलाई को राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लालबाग स्थित रोड किनारे गार्डन में बेल का पौधा लगाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि सभी नागरिक यह सम्मिलित प्रयास करें कि अगले वर्ष स्वच्छता में राजनांदगांव शहर देश में अव्वल स्थान पर रहे। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पार्षद राजा माखीजा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नगरवासी उपस्थित थे।

### प्रदर्शनी में पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू होंगे शामिल



**राजनांदगांव।** बेंगलुरु के त्रिपुरा वासिनी पैलेस ग्राउंड्स में 24 से 26 जुलाई तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट (आईआईटीएम) में इस बार छत्तीसगढ़ पर्यटन खास आकर्षण रहेगा। पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा तीन दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजन में भाग लेंगे और छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक स्थलों, आदिवासी संस्कृति व जल पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को सस्टेनेबल और इको-टूरिज्म हब के रूप में पेश करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। मार्ट में 15 देशों और 20 राज्यों से 600 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जहां छत्तीसगढ़ अपनी विशिष्ट पहचान के साथ वैश्विक मंच पर उभरेगा।

### दिग्विजय कॉलेज के छह विद्यार्थी नेट उत्तीर्ण



**राजनांदगांव।** यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में दिग्विजय महाविद्यालय के छह विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता के लिए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने संबंधित विभाग सहित उनके सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि विगत जून माह में आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा में हिंदी विभाग के चार और कामर्स के दो शोधार्थियों ने सफलता हासिल की है। जिनमें आरती झारिया, निकिता अंबादे, मनीष टांडेकर और कुंदन निषाद तथा कामर्स के मनोहर लाल और डालेन्द्र शामिल हैं। इनमें आरती झारिया और मनोहर लाल ने असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा की पात्रता प्राप्त की है। जबकि शेष विद्यार्थियों ने पीएचडी में प्रवेश के लिए अर्हता हासिल की है।

### कृषि चौपाल कार्यक्रम के आठवें एपिसोड का प्रसारण



**राजनांदगांव।** भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि चौपाल एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस श्रृंखला का आठवां भाग का प्रसारण 12 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे तक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न फसलों के समेकित नशीजीव प्रबंधन विषय पर केंद्रीय वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई, जिसे देशभर के किसानों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से देखा। इस एपिसोड का उद्देश्य किसानों को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल एवं दीर्घकालिक कीट नियंत्रण उपायों के प्रति जागरूक करना था। कृषि चौपाल कार्यक्रम का प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम प्रसारण के अंत में कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के प्रक्षेत्र प्रबंधन आशीष गौरव शुक्ला ने रासायनिक दवाओं के उपयोग को कम करने संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### स्तरहीन राजनीति कर रही है कांग्रेसः शिव



**राजनांदगांव।** नगर निगम में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने जारी बयान में कहा है कि प्रशासन गरीबों का ठेला-खोमचा दुकान हटा रहे थे, तब कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता कहां थे? वे लोग रोकने क्यों नहीं पहुंचे। व्यवस्थापन के नाम पर कांग्रेसी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। प्रशासन हटाए गए दुकानदारों के प्रति चिंतित है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण कार्यों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस बीच व्यवस्था बनाने में सहयोग करने के बजाय विपक्ष कांग्रेस घटिया राजनीति कर रही है कि नगर निगम सहित राज्य में 5 साल तक कांग्रेस की सत्ता थी, तब उन्होंने व्यवस्थापन क्यों नहीं किया? अब नगर निगम सहित राज्य में भाजपा की सरकार आई है तो कांग्रेस अतिक्रमण हटाने की बात पर उन्हें व्यवस्थापन देने की बात कह रही है।

### नाला में मिला शव

**राजनांदगांव।** नाला में बहे एक व्यक्ति का शव आज पुलिस ने गठुला के पास बरामद किया है, जिसे पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आज गठुला नाला के एक बाड़ी के पास व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की शिनाख्ति धनसाय साहू उम्र लगभग 50 वर्ष रंगकठेरा निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति नाला एनीकट के पास बह गया था। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### रसोइया ने किया भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला मुजगहन की रसोईया लक्ष्मी यादव ने अपने बेटे के जन्मदिन की खुशी में 23 जुलाई को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के लिए न्यौता भोज का आयोजन कर पकौड़ा एवं मीठी सेवईयां खिलाया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मिथलेश साहू, सीएल सोनकर, शिक्षक हेमकुमार भुआर्य, प्रमोद साहू, देवेश साहू, ललिता साहू एवं नूतन यादव उपस्थित थे।

### निधन



#### श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि

**राजनांदगांव।** शहर के प्रतिष्ठित कालीचरण परिवार हमालपारा निवासी श्रीमती जमुना देवी अग्रहरि ध.प. स्व. कालीचरण गुप्ता का 23 जुलाई को देवलोक गमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे श्यामचरण अग्रहरि, श्याम सुन्दर अग्रहरि की माता और प्रवीण अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, प्रशांत अग्रहरि, आकाश अग्रहरि, विकास अग्रहरि, राहुल अग्रहरि की दादी थी। उनकी अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक सहित समाज के लोगों की उपसस्थिति रही जिन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित

# स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा एसीयुक्त सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं अध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में स्टेडियम कॉन्फ्रेस हॉल में स्टेडियम समिति के सफल संचालन हेतु स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महापौर एवं उपाध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति मधुसूदन यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव उपस्थित थे। कलेक्टर भुरे ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम समिति का उद्देश्य है खेल को बढ़ावा देना और गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को खेल गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा राजनांदगांव जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में दिग्विजय स्टेडियम समिति को किराया से वार्षिक लगभग 70 लाख रुपए मिल सकता है। इससे जिले में खेल सुविधाओं को बढ़ाने उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर भुरे ने स्क्वैश खेल को बढ़ावा देने दिग्विजय स्टेडियम परिसर में स्क्वैश कोर्ट बनाने कहा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे बॉक्स क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस जैसे खेलों के लिए बॉक्स कोर्ट बनाया जाएगा।

कबड्डी खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक कोर्ट बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के रखरखाव के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने कहा। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हाईमास्क लाईट और टर्फ लगाने की बात पर सहमति बनी।

समिति के सदस्यों ने खेल गतिविधियों की सुविधाओं को बढ़ाने आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिमा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि योगेश बागड़ी, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विभिन्न जिला खेल संघ के प्रतिनिधिगण सहित अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा की जरूरत



### बास्केटबाल कोर्ट का होगा निर्माण

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दिग्विजय स्टेडियम समिति के शॉपिंग काम्प्लेक्स की दुकानों का किराया, जिन्होंने अब तक नहीं दिया है, ऐसे दुकानों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर भुरे ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट में सेट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में लगे एयर कंडीशनर को रिपेयर किया जाएगा। उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम में साफ-सफाई और सभी नलों से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा।

### नई लगेगी फ्लड लाईट

दिग्विजय स्टेडियम परिसर में आने वाले सभी रास्तों में गेट लगाने कहा और जो आवश्यक नहीं है, उन रास्तों में दीवाल बनाने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे असामाजिक तत्वों से सुरक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि 3 बैडमिंटन कोर्ट को इंटरनेशनल की तर्ज पर एयर कंडीशनर और सिंथेटिक कोर्ट बनाया जाएगा। स्टेडियम के फ्लड लाईट को बदलकर नया लगाया जाएगा। स्टेडियम में बहुउपयोगी हॉल बनाने कहा। उन्होंने स्टेट स्कूल मैदान समतलीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों निर्देशित किया।

### छह करोड़ रुपए की स्वीकृति

अपर कलेक्टर एवं सचिव दिग्विजय स्टेडियम समिति प्रेमप्रकाश शर्मा ने शासन से प्राप्त बजट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शासन से प्राप्त 6 करोड़ रुपए की लागत से दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव के बॉस्केटबॉल कोर्ट 2 एवं 1 बैडमिंटन कोर्ट में सेंट्रलाइज्ड एयर कंडिशनर एवं 300 केवी एडीजी एवं सेट सिविल वर्क एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए तैयार प्राक्कलन का अनुमोदन के संबंध में जानकारी दी।

## तुलसी जन्मोत्सव दो से आलीवारा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला ईकाई की बैठक में जिला स्तरीय संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव मनाने का प्रस्ताव किया गया।

इस वर्ष का तुलसी जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन आगामी 2 एवं 3 अगस्त को विधायक श्री दलेश्वर साहू के आलीवारा फार्म हाउस में मनाना तय किया गया। इस आयोजन में सभी ब्लाक से दो मानस मंडली तथा दो प्रवक्ता शामिल होंगे। पहले दिन 2 अगस्त को विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में ध्वजारोहण होगा। मंगलाचरण की प्रस्तुती परमेश्वरी महिला मानस मंडली मेंढ़ा देगी। प्रवक्ता शंकर साहू होंगे।

इस मौके पर कला निकेतन मानस मंडली भेडीकला की प्रस्तुती होगी। हरभजन सिंग भाटिया, राम संदेश मानस मंडली हर्राटोला, तामेश्वर साहू, गजानन मानस मंडली आरी कोनारी एवं तरूणा साहस्की प्रस्तुती होगी। दूसरे दिन 3 अगस्त को पं. युवराज पांडे, विधायक श्री साहू एवं श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पदाधिकारी शुभारंभ करेंगे। इस दिन गणेश मानस मंडली चिद्दों, ग्वाल चंद्र सिन्हा, स्वर धारा मानस मंडली तुलसीपुर, चिंताहरण पटेल, प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला, गुमान साहू, श्री तुलसी मानस मंडली रायतापयली की प्रस्तुती होगी।

रामायण जी की आरती, महाप्रसादी के साथ समापन होगा। यह जानकारी प्रतिष्ठान के जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने दी।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 27 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा (एबीए 25) का आयोजन किया गया है। जिले में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले कुल 11227 परीक्षार्थी के लिए 34 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश हेतु अपने साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र अवश्य लाना होगा। परीक्षा हेतु निर्धारित समय सुबह 10 बजे से आधा घंटा पूर्व सुबह 9.30 बजे परीक्षा केन्द्रों की मुख्य द्वार बंद कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश लेने कहा गया है।

परीक्षार्थियों को परीक्षा में हल्के रंग के आधी बांह का कमीज पहनकर ही आना होगा तथा जूता पहनकर परीक्षा में उपस्थिति प्रतिबंधित है।

परीक्षार्थी चप्पल पहनकर आए, कान में ईयर रिंग की अनुमति नहीं है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा व परीक्षा समाप्त होने के आधा घंटा पूर्व बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर उसका पालन करने की अपील की गई है।

## बंधक बनाकर लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रार्थी एवं उसके साथी को बंधक बनाकर मारपीट करते हुए डरा-धमका कर नगदी रकम एवं ऑनलाइन राशि लूट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 अप्रैल को वह अपने 3 साथियों के साथ अपने ग्राम बरगाही जा रहा था। पुराना ढाबा के बालक संप्रेक्षण गृह के पास पीछे से नीला रंग के कार से पुरुषोत्तम साहू ऊर्फ जादू, नितिन साहू, राहुल सिंग, आदित्य एवं दादा आए और प्रार्थी के आगे बीच रास्ते में कार को अड़ा दिया और मारपीट कर गाली-गलौज कर रहे थे । सभी को कार में जबरदस्ती डालकर एबीस फैक्ट्री के आगे एक मकान में ले गए, जहां वे सभी लोगों को कमरे अंदर रखकर रातभर सभी से मारपीट और गाली-गलौज किया एवं प्रार्थी के पास रखे नगदी 4000 रुपए को लूट लिए और पैसा की मांग करने लगे। सुबह करीबन साढे 7 बजे प्रार्थी व उसके अन्य साथी मौका देखकर अपना मोबाइल व गाड़ी का चाबी लेकर वहां से भागे और दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया।



### दो पकड़ाए

रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबीर सूचना व सायबर सेल से प्राप्त टावर लोकेशन के आधार पर दोनों नितिन साहू एवं राहुल राजपूत को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल को जब्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल भेजा गया। फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

### ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराया

रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी को जान का खतरा था, इसलिए सभी लोग प्रार्थी के बड़ी मां के यहां भाठापारा चले गए। 11 अप्रैल दोपहर 2 बजे प्रार्थी की मां ने फोन कर बताया कि दो लोग स्कूटी में आए थे और अपना नाम पुरूषोत्तम और नितिन साहू बताया, जो तुम्हारे बेटे तरूण कहां है, बोलकर पूछने लगे, उन लोगों ने कहा कि तुमने तरूण को घर के अंदर छुपाया है, उसे बाहर निकालो । उन्होंने बताया कि उसे तरूण से पैसा लेना है, मैं तुम्हारे बेटे को जान से मार दूंगा कहा, जिसे मेरे मां डरकर पड़ोसी साजिद सिद्धीकी को बुलाया, पूरी घटना को बताया, जिसे वे लोग मेरी मां से गाली-गलौज करने लगे और बोले कि मुझे 20,000 रुपए अभी चाहिए, नहीं तो तुम्हारे दोनों बेटो का मर्डर कर दूंगा, तो उसकी मां द्वारा डर से पड़ोसी से ऑनलाइन 20,000 रुपए को आरोपी के मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन ट्रांसफर किया, फिर वे लोग चले गए।

## बघेरा स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिशन लाइफ के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम 2.0 का संचालन वर्तमान में किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 जुलाई को संकुल केंद्र बघेरा के शा.पूर्व मा. शाला बघेरा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से किए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम में राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों का आगमन हुआ। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के सहायक संचालक डॉ. एम. सुधीश एवं एपीसी राजकुमार चाफेकर के कर कमलों से शाला प्रांगण में पौधारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर सतीश ब्योहरे, रफीक अंसारी, विवेक शर्मा, भगत सिंह ठाकुर ने भी पौधारोपण किया। शाला के छात्रों ने भी अपनी माता के नाम से पौधे लगाए। जिनमें उनकी माताओं की भी उपस्थित रही।



### विभिन्न पौधे लगाएं

इसके पूर्व भी शा.पूर्व मा. शाला के छात्रों द्वारा अपने घरों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें शाला के दर्ज से भी अधिक संख्या में पौधे लगाए गए। इस तरह से माध्यमिक शाला बघेरा के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पालकों द्वारा इस कार्यक्रम को अच्छी तरीके से सफल बनाने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम में जाम, जामुन, करंज, गुलमोहर, अशोक के पौधे लगाए गए। तत्पश्चात राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा शाला का निरीक्षण किया गया। जिसमें साइंस, आर्ट एवं गणित टीएलएम कॉर्नर का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम का प्रस्तुतीकरण देखा गया।

## आज शहर कांग्रेस का बसंतपुर थाना घेराव

**राजनांदगांव।** शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर मारपीट व गोलीकांड जैसी आपराधिक घटना पर शासन-प्रशासन द्वारा डेढ़ माह बीतने के बाद भी कोई उचित कार्रवाई न करते अब तक मुख्य आरोपी भाजपा नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा नियुक्त जिले के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी व डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल की विशेष उपस्थिति में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कल 24 जुलाई बसंतपुर थाना का घेराव किया जाएगा।

अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि जब तक मोहड़ गोलीकांड के मुख्य सरगना भाजपा पदाधिकारी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। न्याय के लिए संघर्षरत रहेगी और इसके खिलाफ लगातार आंदोलन-विरोध करती रहेगी। शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि 24 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से बसंतपुर थाना का घेराव किया जाएगा। उक्त घेराव में कांग्रेसजनों के साथ-साथ आम जनता से उपस्थिति की अपील की है।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र नारे कांग्रेसियों पर कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** मंगलवार को कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी के दौरान पार्रीनाल बायपास के समीप कांग्रेसियों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया था। इस चक्काजाम के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र नारेबाजी की। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज एसपी कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसियों पर कड़ी कार्रवाई करने ज्ञापन सौंपा है। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेसियों ने अभद्र नारेबाजी की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते ज्ञापन दिया गया है।



### कांग्रेसियों ने लगाए अभद्र नारे

कांग्रेस के चक्काजाम के दौरान डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे कांग्रेस के अति उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के खिलाफ अशोभनीय और अभद्र नारेबाजी की थी। जिसको लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो सामने आने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है और इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी

बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी आज एसपी कार्यालय पहुंचे और इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, प्रखर श्रीवास्तव, गोलू सूर्यवंशी, विनोद भारती, शालू वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में शाला प्रबंधन समिति की पुनर्गठन किया गया।

पालकों ने सर्व सम्मति से माध्यमिक शाला में अध्यक्ष दीपक हिरवानी, उपाध्यक्ष लिकेश्वर साहू, सचिव कोमलचंद आर्य, कोषाध्यक्ष अश्वनी देवांगन, शिक्षाविद कमलेश देवांगन, सदस्य पीलूराम पटेल, रूस्तम पटेल, गिरधर पटेल, दिनेश्वरी साहू, तरूणा साहू, तिजियाबाई पटेल, परमिला रावटे, लताबाई ठाकुर, जमुना पटेल, महेश्वरी पटेल का चयन किया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला में अध्यक्ष श्रवण साहू, उपाध्यक्ष चमेली साहू, सचिव चन्द्रभूषण साहू, कोषाध्यक्ष चैतन्य देवांगन, शिक्षाविद रीना साहू, सदस्य तेजराम साहू, रैनूराम साहू, नरेन्द्र शांडिल्य, मंगलूराम भंडारी, शंकरलाल नायक, डोमेश साहू, पूर्णिमा देवांगन, खिलेश्वरी ठाकुर, सीता ठाकुर, कविता पटेल का चुनाव किया। इस अवसर में शिक्षक सन्नी देवांगन, गोमती पटेल, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, मोनिका ठाकुर उपस्थित थे।



किसान भाईयों को छत्तीसगढ़ के पहली तिहार

हरेली

की हार्दिक शुभकामनाएं

JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

सस्ता नहीं अच्छा लो

5405
TREM IV
4WD



मिट्टी की खुशबू के साथ आया भरोसेमंद साथी
मानसून स्पेशल ऑफर जॉन डियर

जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध

वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता

पिता का सपना - बेटा पूरा करे, सबसे आसान फाइनेंस के साथ!

जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध






अधिकृत विक्रेता - **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

### बड़ी संख्या में पंडरिया शक्कर कारखाना पहुंचे शेयरधारी क्षेत्रीय किसान, कहा काम नहीं तो उग्र आंदोलन

# धरना प्रदर्शन व रैली निकालकर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले के पंडरिया विकासखण्ड में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के अंशधारी गन्ना उत्पादक किसानो, आम किसानो और श्रमिक कल्याण संघ के मजदूरों ने अब कारखाना प्रबंधन के साथ ही भारतीय किसान संघ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को पंडरिया शक्कर कारखाना के अंशधारी किसानो तथा श्रमिक कल्याण संघ के मजदूरों ने आनंद सिंह के नेतृत्व में अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है और चेतावनी दी है कि अगर इन मांगों का निराकरण जल्द से जल्द नहीं किया गया तो वे उग्र से उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे। गौरतलब है कि हाल ही में कारखाना प्रबंधन द्वारा पंडरिया कारखाना में क्षेत्र के किसान परिवारों के कार्यरत करीब 90 श्रमिकों को बेवजह काम से निकालकर उनके तथा उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। कारखाना प्रबंधन की इस तानाशाही कार्यवाही के विरोध में प्रभावित मजदूर अपनी रोजी-रोटी वापस पाने लगातार धरना प्रदर्शन और कारखाना घेराव कर रहे हैं। यहां बताना लाजमी होगा कि इसी बीच भारतीय किसान संघ ने भी बीते दिनों पंडरिया शक्कर कारखाना के सामने परसवारा चौक में धरना प्रदर्शन कर इन निकाले गए किसान परिवारों के मजदूरों पर कई आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग प्रशासन से की है।





### आम किसानों ने बड़ी संख्या में कारखाना के सामने परसवारा चौक में किया धरना प्रदर्शन

बुधवार को शेयरधारी गन्ना उत्पादक किसानो, आम किसानो तथा श्रमिक कल्याण संघ के मजदूरों ने बड़ी संख्या में कारखाना के सामने परसवारा चौक में धरना प्रदर्शन, आमसभा कर तथा रैली निकालकर प्रशासन को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्य रूप से पूर्व वर्ष के गन्ने का पूर्ण भुगतान, बोनस राशि तथा, किवरी राशि का भुगतान किसानो को किए जाने, अमानक पोटाश खाद बिक्री कर किसानो से ठगी करने वाले दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने एवं किसानो को खाद बिक्री राशि ब्याज सहित वापस लौटाने, पंडरिया शक्कर कारखाना की कमेटी में शेयरधारी किसानो को शामिल करने तथा उनसे रायशुमारी कर कारखाना संचालन किए जाने, कारखाना में किसान संघ, मजदूर संघ अथवा राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोगों को टेण्डर, ठेका अथवा कारखाने के मुख्य विभागों से हटाए जाने तथा संगठनो व राजनीतिक हस्तक्षेप पूर्णतः समाप्त किए जाने, घर बैठकर कारखाना से वेतन पाने वाले सभी कर्मचारियों को चिन्हांकित कर उन्हें हटाए जाने, पंडरिया कारखाना में मेन पावर सप्लाई करने वाली मेसर्स कैसटेक कम्पनी एवं मेसर्स ओम इंटरप्राईजेस द्वारा कारखाना के अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर मेन पावर सप्लाई के नाम कर हर माह किए जा रहे लाखों के घोटाले पर अंकुश लगाते हुए कार्यवाही किए जाने, कारखाना के स्थापना वर्ष से लेकर अब तक की गई सामग्री खरीदी बिक्री का विधिवत ऑडिट कराए जाने तथा सामग्री खरीदी बिक्री के नाम भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने, भारतीय किसान संघ द्वारा कारखाना में विगत 6-7 वर्षो से कार्य करते आ रहे किसान परिवारों के श्रमिकों पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने तथा निकाले गए सभी श्रमिकों का वापस लिए जाने, पंडरिया शक्कर कारखाना में वर्षो से एक ही पद में जमे अधिकारियों को तत्काल बदले जाने, किसानो को 100 रूपए प्रति क्विंटल के अनुसार गन्ना बोनस भुगतान किए जाने, गन्ना पर्ची में हो रही अनिमियता दूर किए जाने एवं छोटे किसानों को पूर्ण रूप से गन्ना पर्ची पहले प्रदान किए जाने, कारखाना प्रबंधन द्वारा श्रमिकों मजदूरों से जुड़े कोई भी नियम, कानून अथवा व्यवस्था बनाए जाने की स्थिति में सभी श्रमिक, मजदूर संघ की एक साथ बैठक लेकर तथा एकरूपता के साथ निर्णय लिए जाने सहित कुल 18 सूत्रीय मांगे शामिल हैं।

## सुल्तानगंज से देवघर बाबा बैद्यनाथ 120 किलोमीटर की पदयात्रा किया की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

सावन लगते ही बाबा भोलेनाथ के भक्तों द्वारा आस्था और विश्वास को लेकर 120 किलोमीटर की पदयात्रा कावड़ लेकर पंडरिया विधानसभा एवं अपने जनपद क्षेत्र की 143 ग्राम पंचायत की सुख, शांति, समृद्धि, खुशियाली के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सुल्तानगंज से देवघर बाबा बैद्यनाथ 120 किलोमीटर की पदयात्रा किया जा रहा है यह चौथा वर्ष है लगातार अपने मनोकामना एवं विश्वास लगन के साथ बाबा बैजनाथ धाम की दर्शन कर जल अभिषेक कर सुख शांति समृद्धि खुशयाली के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना किया और जल लेकर सुल्तानगंज से देवघर बैद्यनाथ तक 120 किलोमीटर की पदयात्रा किया जा रहा है जिसमें जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि सनातन परंपरा सामूहिक एकता प्रदेश की उन्नति की भावना से प्रेरित है हर सुबह बाबा बैद्यनाथ भोलेनाथ की जय घोष से ऊर्जा लेकर यह यात्रा आगे बढ़ रही है जब बाबा बैद्यनाथ भोलेनाथ का आशीर्वाद है तो 120 किलोमीटर क्या हजार किलोमीटर बाबा के आशीर्वाद से पदयात्रा किया जा सकता है बस मन में भगवान की प्रति आस्था अटूट विश्वास बने रहे तो बड़े से बड़े मार्ग कठिनाई भी भगवान के आशीर्वाद से यात्रा सफल हो ही जाता है बस मन में श्रद्धा और विश्वास रहना चाहिए बस बाबा को ध्यान कर कर बोल बम का नारा लगाते हुए आगे बढ़ते रहो निश्चित ही पदयात्रा बाबा के आशीर्वाद से सफल होगा।

**खबर संक्षेप**

### हरियाली त्यौहार में नीम की पत्ता घर में लगाने की परंपरा आज भी है



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेंड्री के निवासी अशोक यादव के द्वारा बताया गया की हरेली त्यौहार में यादव के हाथों से आज भी नीम का डारा घर में लगाया जाता है जो बहुत पुराना परंपरा से चला रहा है इसलिए गांव में नीम का पेड़ नहीं मिलने के कारण 10 किलोमीटर की दूरी से लाया गया। व किसानों के द्वारा आज भी गौठान जाकर अपने-अपने गाय को गेहूं की आटा के साथ लोई बनाकर खिलाया जाता है और किसानों के द्वारा अपने-अपने खेती-बाड़ी के औजार का विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है खासकर या हरेली तिहार किसानों का त्यौहार है फिर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गेड़ी बनवाकर गांव में घूमने का आज भी परंपरा है इस प्रकार आज हरेली त्यौहार पुराने परंपरा के अनुसार चल रहा है एवं घर-घर में खाने का अच्छी खासी पकवान भी बनाया जाता है।

## डिप्टी सीएम ने कबीरधाम प्रवास में किया जनसंपर्क, सुनीं समस्याएं व की विकास कार्यों की घोषणाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम रौचन, हरमो, कटगो, राजपुरा और चिखली में पहुंचकर ग्रामवासियों से जनसंपर्क कर सीधा संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए जानकारी दी। श्री शर्मा ग्रामीणों की मांग, समस्या और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए विकास कार्यों की घोषणा की। इसके पूर्व गांवों में पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री का युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने परंपरागत तरीके से फूल-मालाओं और नारियल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। विजय शर्मा ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने सभी मुद्दों के त्वरित निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर नागरिक की सुविधा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने डोगइटोल में मुरमीकरण के लिए 4 लाख रूपए, दुर्गा मंदिर के पास मंच निर्माण के लिए 4 लाख और सारंगढ़ में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थें।श्री शर्मा ने ग्रामवासियों से कहा कि गांव के विकास के लिए प्रदेश की सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए अनेक योजनाएं भी संचालित की जा रही है। जिससे गांव का आर्थिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि गांव का विकास तभी संभव है जब गांव के लोग सक्रिय रूप से उसमें भाग लें। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए निरंतर काम कर रही है और इसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर गांव के विकास में अपना योगदान दें और सरकार के प्रयासों का साथ दें। उन्होंने कहा कि गांव के समग्र विकास के लिए सभी ग्रामीणों को मिलकर प्रयास करना होगा। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब गांव के लोग स्वयं भी आगे बढ़कर उनमें भागीदारी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सुधार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, और इसके लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के आठ राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को मिला एक लाख 22 हजार का चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सत्र 2024-25 में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल, सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बेसबॉल में दो स्वर्ण पदक, दो रजत पदक एवं सॉफ्टबॉल में तीन रजत पदक, एक कांस्य पदक कुल आठ पदक लगाया गया था जिनको स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 21 जुलाई को कबीरधाम जिलाशिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा, उप संचालक व जिला खेल अधिकारी महेंद्र गुप्ता, जिला क्रीड़ा प्रभारी दिनेश साहू एवं अन्य अधिकारी के द्वारा कुल एक लाख सताइस हजार रूपये का चेक वितरण किया गया साथ ही सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मानित किया गया। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि बेसबॉल-सॉफ्टबॉल खेल के खिलाड़ियों ने प्रति वर्ष राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है जिसमें पिछले सत्र में भी हमारे एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें बेसबॉल मिनी वर्ग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संध्या कौशिक, चंद्रेश सिंह कोर्राम ने स्वर्ण पदक लगाया था जिन्हें 21 हजार रूपये एवं कुलेश्वर सिंह, नीलेश साहू ने बेसबॉल सीनियर वर्ग में रजत पदक लगाया थे उन्हें 15 हजार रूपये प्रत्येक खिलाड़ियों के हिसाब से चेक दिया गया वही सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में वैनी पाटिल, श्रेया पाली ने रजत पदक, सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग में सुन्नम चरण ने रजत लगाया था जिन्हें 15 हजार रूपये पर खिलाड़ी और सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग में श्रीहरि कुरसाम को कांस्य पदक लगाने पर 10 हजार रूपये रुपए का चेक दिया गया है साथ ही हमारे अकेडमी के होनहार खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

### आठ राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दिया व सम्मानित किया गया

अकेडमी के आठ राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि व सम्मानित होने के उपलक्ष्य पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिलापंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि गजराज सिंह ठाकुर, कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिलापंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ धमेंद्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष, सॉफ्टबॉल संघ के उपाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा एकेडमी के संस्थापक राजापीयूष टाटीया, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गिस, वरिष्ट समाजसेवी अतुल देहलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दिए साथ ही इन सभी की उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की।

### जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता राजनांदगांव में 28 जुलाई को आयोजित होगा

वही इस सत्र में भी अकेडमी के खिलाड़ियों का अधिक संख्या में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होकर पदक लगाने के लिए प्रतिदिन खिलाड़ियों के द्वारा छीरपानी मैदान में अभ्यास किया जा रहा है इस सत्र में अभी तक ब्लॉक एवं जिला स्तर का प्रतियोगिता का आयोजन हो चुका है जिसमें लगभग 150 खिलाड़ियों ने सम्मिलित हुआ और अपना चयन ट्रायल दिलाया है 25 जुलाई को सॉफ्टबॉल मिनी एवं सीनियर बालक-बालिका वर्ग का क्षेत्रीय प्रतियोगिता का आयोजन जेवरा बेमेतरा जिले में होना है जिसमें कबीरधाम जिले से 51 खिलाड़ी सम्मिलित होंगे वहीं जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता राजनांदगांव में 28 जुलाई को आयोजित होगा जिसमें 26 खिलाड़ी सम्मिलित होंगे तो बेसबॉल के तीनों ग्रुप का क्षेत्रीय टूर्नामेंट जेवरा बेमेतरा में 30 जुलाई को संपन्न होगा। इस प्रतियोगिता में जितने खिलाड़ियों का चयन होगा वह सीधा राज्य स्तर पर खेलेंगे। वही इस वर्ष लोक शिक्षण संचनालय के द्वारा कबीरधाम जिले में सॉफ्टबॉल जूनियर व सीनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सितंबर माह में आयोजित किया जाएगा जो हमारे जिले के लिए गौरव की बात है।

### प्रयास विद्यालयों में कक्षा नवमी प्रवेश के लिए द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी

**हरिभूमि कवर्धा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार द्वितीय प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सूची में शामिल छात्र-छात्राएं 28 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, जिला रायपुर में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। सभी विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

### तालाब किनारे 6 साल पुराने बरगद वृक्ष की कटाई कर बनाई झोपड़ी ग्रामीणों में आक्रोश

**हरिभूमि कवर्धा।** एक ओर राज्य और केंद्र सरकार वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियान चला रही हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम कुआंमालगी में इन प्रयासों को धता बताते हुए सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जे की शर्मनाक घटना सामने आई है। विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुआंमालगी-कंझेटा मार्ग पर स्थित शासकीय तालाब के किनारे लगे एक परिपक्व बरगद वृक्ष को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा काट दिया गया। इस वृक्ष की उम्र लगभग छह वर्ष थी और यह सन 2019 में शासन द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के तहत ग्रामीणों द्वारा लगाया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई सोमवार सावन के पवित्र दिन दोपहर के समय उक्त बरगद वृक्ष को काट कर उस स्थान पर झोपड़ी बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। ग्रामींणो ने बताया की यह कार्य गांव के ही कुछ लोगों द्वारा किया गया, जिनमें प्रकाश साहू, चतुर साहू, संजय, जलेश्वर, गोरेलाल और जयराम के नाम सामने आए हैं। इस वृक्ष को गाँव के सामाजिक कार्यकर्ता कुशकुमार, बोधीराम साहू एवं पंचायत सचिव भुखनलाल साहू के प्रयासों से लगाया गया था, जिसका उद्देश्य तालाब किनारे हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। लेकिन यह कटाई न केवल पर्यावरणीय नुकसान है, बल्कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का भी स्पष्ट उदाहरण है। घटना के बाद ग्रामवासियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं प्रशासन से मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए तथा वृक्षारोपण के मूल उद्देश्य की रक्षा की जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए तालाब क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के प्रतीक भाजपा के उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने लगाया सिंदूर का पौधा





■ श्रावण मास पदयात्रा के दौरान वन विभाग वृक्षारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास की भोरमदेव पदयात्रा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत छपरी में वन विभाग कवर्धा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना की वीरता को नमन करते हुए सिंदूर का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चले ऑपरेशन सिंदूर के तहत कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों की हत्या का करारा जवाब देकर भारत ने आतंकवाद को स्पष्ट संदेश दिया है।

यह पौधा सेना की शौर्य गाथा और देशवासियों की एकजुटता का प्रतीक है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, गौरी बंजारे, सेवा पटेल, जलेश पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और पदयात्री उपस्थित थे। सभी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व देशप्रेम की भावना को बल दिया।

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

सिविल प्रकरण क्रमांक 40 अ/2025
पेशी तारीख - 18/08/2025
प्रोसेस नंबर 130/2025

सरवन कुमार वैग .............. वादी
विरूद्ध
आम जनता वैग.................. प्रतिवादी
बनाम :- आम जनता

क्योंकि अपीलार्थीगण ने आपके खिलाफ विविध सिविल प्रकरण अंतर्गत धारा 96 सि.प्र.सं. सहपठित आदेश 41 नियम 01 के अंतर्गत इस न्यायालय मे पेश किया गया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 18.08.2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बाते ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सकें) मामले का जवाब देने के लिए के हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 21 माह 07 सन 2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

टीपः यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर

(कु.रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

### कलेक्टर श्री वर्मा ने दिए अंतरविभागीय समन्वय से ठोस कार्रवाई के निर्देश

## बरसात में बीमारियों से बचाव के लिए जिला प्रशासन हाई अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बरसात के दिनों में होने वाले संक्रामक डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, फाइलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के साथ-साथ उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्रशोथ जैसी जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न जिला स्तरीय विभागों की संयुक्त बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम बीमारियों के प्रसार के लिए अनुकूल है, इसलिए जनहित में सभी विभाग तत्काल कार्य योजना बनाकर अमल सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों को गंभीरता से लें। जनहित से जुड़े इन मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक सप्ताह के भीतर सभी विभाग अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि बीमारी की रोकथाम में आमजन की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। लोग घरों के आसपास जलभराव न होने दें, मच्छरदानी का प्रयोग करें और लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाएं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे ने बताया कि डेंगू व चिकुनगुनिया मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलते हैं, जो दिन में सक्रिय रहती है, वहीं मलेरिया मादा एनाफिलिस मच्छर के माध्यम से फैलता है। यदि मच्छरों को पनपने से रोका जाए, रोगों की प्राथमिक अवस्था में पहचान कर उपचार किया जाए तथा जनजागरूकता के माध्यम से सतत सावधानी बरती जाए तो इन बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभाग के अधिकारियो की साझा बैठक लेकर विभाग वार अलग अलग दायित्व दिए है तथा दायित्वों के निर्वहन के लिए कार्य योजना भी बनाई गई है। कलेक्टर ने नगर निकाय व पंचायत विभाग को नालियों की सफाई, जलभराव रोकथाम, तालाबों की स्वच्छता, फॉगिंग, लार्वीसाइड का छिड़काव, पेयजल व सीवरेज लाइन की मरम्मत, कचरा संग्रहण, नालों की रुकावटें दूर करने व माइकिंग के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

**बातचीत:** पूर्व सीएम व विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने भावना बोहरा व कांवड़ियों से की बात, मंगलयात्रा के लिए दी शुभकामनाएं

# शिवभक्ति में लीन पंडरिया विधायक भावना बोहरा कांवड़ लेकर पहुंचीं गौरकांपा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ की समृद्धि और जनता के सुख-शांति की कामना के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ लगभग 300 कांवड़ यात्रियों ने मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर कि अपनी यात्रा के दूसरे दिन लम्हनी से वन ग्राम महमाई तक कि यात्रा की। इस दौरान बारिश की वजह से नदी में बाढ़ आने के कारण पंडरिया विधायक भावना बोहरा व उनके साथ सभी कांवड़ियों ने वन ग्राम महमाई में ही रात्रि विश्राम किया और अगले दिन सुबह उफनती नदी की पूजा-अर्चना कर तीसरे दिन गौरकांपा तक के लिए अपनी यात्रा के लिए प्रस्थान किया। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने फोन के माध्यम से पंडरिया विधायक भावना बोहरा से बातचीत कर उत्साहवर्धन किया और सभी को इस पुण्य यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। यात्रा के दौरान भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों का खुड़िया चौक, दुल्लापुर, डोंगरिया, डिंडौरी, नवरंगपुर, राम्हेपुर एवं गौरकांपा में आगमन हुआ जहां ग्रामवासियों, पंडरिया विधानसभा के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों, शिव भक्तों तथा ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह व उल्लास के साथ पुष्पवर्षा कर सभी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया साथ ही भक्ति मार्ग के इस पुण्य प्रयास के लिए भावना बोहरा एवं उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे सभी कांवड़ियों का अभिनंदन किया। उबड़-खाबड़ रास्तों, पहाड़ों, घने जंगलों एवं उफनती नदियों के बीच से होकर उनकी यात्रा गुजरी जिसका सभी ने पूरे उत्साह और भोलेनाथ जी के प्रति अपनी आस्था का परिचय देते हुए सभी बाधाओं को पार करने में सफल रहें और चौथे दिन भी सभी में वही उत्साह दिखा जब उन्होंने अमरकंटक से अपनी 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी।



## गांव-गांव में लोगों ने किया भावना बोहरा व कांवड़िया का स्वागत



इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि दिन-प्रतिदिन हमारी यात्रा सभी अवरोधों को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है और उसके साथ ही सभी कांवड़ियों का उत्साह भी बढ़ रहा है। सभी कदम से कदम मिलाकर और भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ भक्ति भाव एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति दृढ़ विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ की खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना कर रहें हैं। कांवड़ यात्रा के तीसरे दिन वन ग्राम महमाई में उफनते नदी की पूजा-अर्चना करने के पश्चात गौरकांपा तक की यात्रा के लिए उत्साहित मन और बोल बम के जयघोष के साथ सभी ने प्रस्थान किया। छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-शांति और प्रदेश की समृद्धि की यह यात्रा सनातन संस्कृति, संस्कार और शिवजी की अनंत आस्था की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है। यह लोक-उत्सव है। जहां कांवड़ में एक तरफ मां नर्मदा का जल, तो दूसरी ओर भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था एवं विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने फोन के माध्यम से बातचीत की और हम सभी का उत्साहवर्धन कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी जिसके प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही खुड़िया चौक, दुल्लापुर, डोंगरिया, डिंडौरी, नवरंगपुर, राम्हेपुर एवं गौरकांपा आगमन पर जिस उत्साह के साथ ग्रामवासियों, भाजपा के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा के सदस्यों तथा विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों, शिवभक्तों एवं ग्रामवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर हम सभी का स्वागत किया उसके लिए मैं समस्तजनों के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। जनता का अपार स्नेह, अपनत्व एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था ही हमारी ऊर्जा है जो हमें भक्ति मार्ग पर चलकर सर्वमंगल की कामना हेतु इस यात्रा को निरन्तर जारी रखने के लिए प्रेरित कर रही है।

## नदी की बाढ़ भी नहीं रोक पाई विधायक और उनके कांवड़ियां दल का रास्ता

बताया जाता है कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा अपनी कांवड़ यात्रा के दौरान जब वन ग्राम महमाई पहुंची तो स्थानीय नदी में बाढ़ के हालात थे। लेकिन नदी में बाढ़ जैसी कठिन परीक्षा के समय भी भावना बोहरा की अटूट श्रद्धा और उनका आत्मविश्वास अद्वितीय रहा। वे सभी कांवड़ियों के साथ बोल बम का अखंड जाप करती हुई निर्भयता के साथ भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ती रहीं। उनकी यह अडिग, अटल, दृढ़, आस्था और शिवनाम का स्मरण सभी यात्रियों को दिव्य ऊर्जा, सुरक्षा और साहस प्रदान करता रहा, यही सच्ची शिवभक्ति की महानता है।

# पाण्डातराई के उपभोक्ता अघोषित विद्युत कटौती से त्रस्त, नई मिल पा रही सुचारू रूप से बिजली



- उपभोक्ताओं ने व्यास्था दुरुस्थ कराए जाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत नगर पंचायत पाण्डातराई विद्युत सब स्टेशन के उपभोक्ताओं को बारिश के इन दिनो में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते विद्युत सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्र के कई ग्रामों के विद्युत उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों व नगरवासियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के विद्युत सब स्टेशन की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आलम ये है कि इस सब स्टेशन के उपभोक्ताओं को चौबिस घंटों में बमुस्किल कुछ घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो पा रही है। यहां तक की बारिश नहीं होने पर भी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है और अगर एक बार बिजली बंद हुई तो घंटो तक गायब रहती है। कई-कई दिन तो पूरी रात बिजली घायब रहती है। जिसके कारण लोगों को गर्मी, उमस के साथ ही मच्छरों के दंश से पूरी रात हलाकान और परेशान होना पड़ता है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि पाण्डातराई सब स्टेशन में लगातार हो रही विद्युत कटौती, लो वोल्टेज जैसी समस्याओं की शिकवा शिकायत करने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। यहां तक की दिन के समय बिजली आपूर्ति ठप रहने पर शिकायत के बाद भी बिजली कर्मी सुधार कार्य के लिए नहीं पहुंचते। जिससे उपभोक्ताओं में भारी असंतोष व नाराजगी देखने को मिल रही है। उन्होने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने तथा उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति का भुगतान

**कवर्धा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजना सत्र 2025-26 के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विद्यार्थियों का आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है। शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत लाभार्थियों के आधार को उनके बैंक खातों से लिंक कराना एवं खातों का ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त खंड शिक्षाधिकारियों, प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों को निर्देशित किया है कि वे प्रत्येक पात्र विद्यार्थी एवं उसके पालकों को इस विषय में अवगत कराएं। जारी निर्देश में कहा गया है कि विद्यालय स्तर पर शाला प्रबंधन समिति की बैठक, पालक-शिक्षक सम्मेलन एवं ग्राम सभाओं के माध्यम से इस कार्य को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए, ताकि सभी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकें और कोई भी विद्यार्थी योजना से वंचित न रह जाए। छात्रवृत्ति भुगतान की पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है।

### नाला में मिला शव

**राजनांदगांव।** नाला में बहे एक व्यक्ति का शव आज पुलिस ने गठुला के पास बरामद किया है, जिसे पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आज गठुला नाला के एक बाड़ी के पास व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की शिनाख्ति धनसाय साहू उम्र लगभग 50 वर्ष रंगकठेरा निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति नाला एनीकट के पास बह गया था। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### रसोइया ने किया भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला मुजगहन की रसोईया लक्ष्मी यादव ने अपने बेटे के जन्मदिन की खुशी में 23 जुलाई को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के लिए न्यौता भोज का आयोजन कर पकौड़ा एवं मीठी सेवईयां खिलाया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मिथलेश साहू, सीएल सोनकर, शिक्षक हेमकुमार भुआर्य, प्रमोद साहू, देवेश साहू, ललिता साहू एवं नूतन यादव उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार की तानाशाही व जंगल कटाई के खिलाफ स.लोहारा ब्लाक कांग्रेस ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा



सहसपुर लोहारा के बानो चौक में बीते मंगलवार को लोहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं ठाठापुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश सिंह गहरवार के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम आंदोलन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेसियों बड़ी संख्या में शामिल होकर भाजपा सरकार के अन्याय और अडानी समर्थित नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य के जंगलों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर आंख मूंदे हुए है। जब कांग्रेस पार्टी ने इन मुद्दों को विधानसभा में उठाने की पहल की, तब पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के पुत्र को झूठे आरोपों में फंसाकर गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना और कांग्रेस नेतृत्व की छवि खराब करने की साजिश है। नेताओं ने यह भी कहा कि भाजपा अब पूरी तरह अडानी की गुलामी में लिप्त हो चुकी है। जब-जब कांग्रेस अडानी का नाम उजागर करती है, भाजपा सरकार बौखला जाती है और विपक्षी नेताओं को झूठे केस में फंसाती है। चक्काजाम आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और जनविरोधी सरकार मुर्दाबाद, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, भूपेश बघेल जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, वरिष्ठ पदाधिकारी, किसान संगठन और स्थानीय जनता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष अब सड़क से सदन तक चलेगा। भाजपा-अडानी गठजोड़ के खिलाफ हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे। आर्थिक नाकेबंदी के तहत चक्काजाम कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ठाठापुर अध्यक्ष सतीश सिंह गहरवार, भगवान सिंह पटेल, नेतराम जघेंल, जितेन्द्र सिंह, गब्बर खान, शरद बागली, जगमोहन साहू, चोवा साहू, शौखी साहू, विनय वैष्णव, दिलीप साहू, सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुरुकुल के विद्यार्थियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के 12 विद्यार्थियों ने जीत दर्ज कर स्वर्णिम इतिहास रचा है। जिसमें गुरूकुल पब्लिक स्कूल के 10 वीं के छात्र सुन्नम चरण तथा कक्षा 11वीं के छात्र हरी कुरसम ने विजयी होकर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। विजेता छात्र को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मेडल व नगद राशि 15000 रूपए एवं 10000 रूपए रूपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शाला के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि गुरूकुल में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को तलाश कर तराशने का क्रीड़ाध्यापकों के द्वारा अनवरत भागीरथ प्रयास किया जाता है। यह उसी का प्रतिफल है। इस शानदान उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष व समस्त पदाधिकारियों ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस ने मनाई लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन कवर्धा में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उनके तैलचित्र पर गुलाल पुष्माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस ने बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, मणिकांत त्रिपाठी, विनोद चंद्रवंशी, आकाश केसरवानी, मोहम्मद अजहर खान, मनोज चंद्रवंशी, पंचु कोसरिया, संजय धुर्वे, रामायण सिन्हा, जलेश्वर यादव, धनेश पाली, कोमल साहू, गोकुल साहू, रमेश साहू, भुवनेश्वर पटेल, नरेश साहू, प्रशांत परिहार, नंदराम पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मत्स्य विभाग ने जब्त की 450 किलो प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर मछली

## प्रतिबंधित आदेश के बाद भी जारी है मत्स्याखेट व खरीदी-बिक्री



- आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में नहीं मिली कोई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहने को तो कलेक्टर ने कबीरधाम जिले में वर्षाकाल के दौरान मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से राज्य सरकार के निर्देश पर 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा रखा है।

इतना ही नहीं इस दौरान जिले की समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं उसमे मत्स्याखेट करने वालों पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम तहत कार्रवाई किए जाने का भी फरमान जारी किया गया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि कलेक्टर के इस प्रतिबंधात्मक आदेश के जारी किए जाने के बाद भी जिला मुख्यालय कवर्धा सहित समूचे जिले में न सिर्फ मत्स्याखेट जारी है बल्कि जिले के बाजार में इनकी धड़ल्ले से खरीदी बिक्री भी हो रही है। बीते मंगलवार को कबीरधाम जिले में एक ऐसा ही बेहद गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें मुखबिर की सूचना पर मत्स्य विभाग ने 450 किलो ग्राम प्रतिबंधित प्रजाति की थाईलैंड मांगुर मछली जप्त की है। इस मामले में विभाग ने प्रतिबंधित मछलियों के परिवहन में प्रयुक्त एक वाहन भी जप्त किया है हांलिकी मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मत्स्य विभाग को मुखबीर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक पिकअप वाहन में बकायदा पॉलीथिन बिछाकर और उसमें पानीभर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर प्रजाति की मछली खैरागढ़ जिले से लेकर पाण्डातराई के बाजार ले जा रहे हैं। इस बात की सूचना के बाद हरकत में आए जिले के मत्स्य विभाग की टीम ने पोंड़ी चौकी पुलिस की मदद से कार्यवाही करते हुए मछलियों से भरे पिकअप वाहन को पोंडी-पाण्डातराई मार्ग स्थित सारंगपुर चोगट्टा के पास पकड़ लिया और कुल 450 किलो ग्राम प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर प्रजाति की मछली तथा मछली के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जप्त कर लिया। बताया जाता है इस मामले में खैरागढ़ के दो तथा एक पाण्डातराई के व्यक्ति की संलिप्तता पाई गई है। लेकिन अभी तक इन आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### विभाग ने नष्ट कराई प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर प्रजाति की मछली

बताया जाता है कि विभाग द्वारा जप्त की गई साढ़े चार क्विंटल प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर प्रजाति की मछली को नष्ट किया गया है। इसके लिए बकायदा एक बड़ा गड्ढा खोदकर तथा इन मछलियों को उनमें डालकर नष्ट किया गया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक इस प्रजाति की मछली का सेवन मानव स्वस्थ्य के लिए खतरनाक है। इसलिए इसे प्रतिबंधित किया गया है।

## समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गांव-गांव पहुंचेगा रथ

# कलेक्टर ने राजस्व समाधान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की राजस्व संबंधी समस्याओं का अब गांव में पहुंचकर मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर से तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित राजस्व समाधान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभिनव पहल जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान को गांव-गांव पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह रथ कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस है तथा इसमें दो प्रशिक्षित ऑपरेटर और एक सहयोगी कर्मचारी की तैनाती की गई है। राजस्व समाधान रथ को लोक सेवा केन्द्र से जोड़ा गया है, जिससे लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं का त्वरित निपटान सुनिश्चित हो सकेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि राजस्व समाधान रथ के माध्यम से ग्रामीणों को भूमि रिकॉर्ड, नक्शा, खसरा, गिरदावरी, नामांतरण, एग्री स्टेक पंजीयन जैसे कार्यों की सुविधा उनके गांव में ही प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ दस्तावेजी समाधान नहीं, बल्कि शासन की जनसेवा भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों और राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि रथ की नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा शिविरों के संचालन में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कोड़ो, विनय पोयाम, मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व समाधान रथ के संचालन के लिए विस्तृत रूट चार्ट तैयार किया गया है। यह रथ प्रत्येक चिन्हित गांव में पहुंचेगा और वहीं पर राजस्व संबंधी समस्याओं का स्थल पर ही समाधान किया जाएगा। यह पहल न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीणों को समय और संसाधनों की भी बचत होगी। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने स्पष्ट कहा कि यह पहल केवल एक सेवा नहीं, बल्कि शासन की जनहितकारी सोच का विस्तार है।

# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले नौ सूत्रीय स्थानीय समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से मुलाकात कर शिक्षकों के नौ सूत्रीय स्थानीय समस्याओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि 24 जुलाई को छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण त्यौहार हरेली होने के बावजूद स्कूली विद्यार्थियों के जिला स्तरीय खेल का आयोजन रखा गया है, जो उचित नहीं है। शिक्षक एलबी संवर्ग के सेवापुस्तिका एवं सीजीपीएफ पासबुक का अद्यतन संधारण कर संबंधित शिक्षकों का हस्ताक्षर भी लिया जावे। सहायक शिक्षकों को प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति दिया जावे। दो शिक्षक वाले प्राथमिक शालाओं के लिए प्रतिदिन अध्यापन हेतु जिला स्तर से समय-सारणी जारी किया जावे, ताकि दो शिक्षक पांच कक्षाओं के 18 पीरियेड को व्यवस्थित रूप से पढ़ा सकें। जिले के समस्त शिक्षकों को फार्म-16 निःशुल्क प्रदान किया जावे, ताकि आईटीआर निर्धारित समय-सीमा में भर सकें। कई शिक्षकों का इन्क्रीमेंट समय पर नहीं जोड़े जाने की शिकायत प्राप्त होता है, जो उचित नहीं है। डीईओ ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि सेवापुस्तिका व पासबुक का अद्यतन संधारण एवं फार्म-16 निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु सभी बीईओ व डीडीओ प्राचार्य को निर्देशित किया जाएगा। प्राथमिक शालाओं के शिक्षक अपने व्यवस्था अनुसार अध्यापन करेंगे। हरेली के दिन आयोजित जिला खेल को संशोधित कर 25 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।